आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 31.08.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और उज्बेकिस्तान अपने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ा रहे है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज और कल किर्गिस्तान में आयोजित हो रहे 26वें शंघाई सहयोग संगठन– एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।
- डीसी एसपी कप अंतर–गांव सांस्कृतिक प्रतियोगिता का फाइनल 5 सितंबर को कार्बाइंस कोव समुद्र तट पर आयोजित किया जाएगा।
- द्वीपसमूह में आज से 5 सितंबर तक तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और उज्बेकिस्तान अपने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ा रहे हैं। राष्ट्रपति शफकत मिर्ज़ियोयेफ के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान अपने प्रारंभिक संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश उन्नत साझेदारी के ढांचे के भीतर ठोस लक्ष्य निर्धारित करके आगे बढ़ेंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल किर्गिस्तान के दो दिवसीय दौरे पर बिश्केक पहुंचे। श्री मोदी आज और कल किर्गिस्तान में आयोजित हो रहे 26वें शंघाई सहयोग संगठन– एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। शिखर सम्मेलन का विषय है 'एससीओ के 25 वर्ष– सतत शांति, विकास और समृद्धि की ओर एक साथ'। शिखर सम्मेलन की प्राथमिकताओं में आतंकवाद का मुकाबला, क्षेत्रीय स्थिरता और सीमा पार खतरों पर समन्वय शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी कल राष्ट्राध्यक्षों के सत्र में भी शामिल होंगे।

शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के कई एससीओ नेताओं से मुलाकात करने की भी उम्मीद है। श्री मोदी छठे विश्व घुमंतू खेल के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होंगे।

<><><><><><><>

देशभर में आयोजित नीट पीजी –2026 प्रवेश परीक्षा के तहत कल श्री विजय पुरम के चार निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर भी परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रवेश परीक्षा के लिए कुल तीन सौ तीन अभ्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से दो सौ इक्यानब्बे अभ्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

<><><><><><><>

उपभोक्ता मामलों के विभाग ने कानूनी मापन – भारतीय मानक समय नियम, 2026 को अधिसूचित कर दिया है। इन नियमों के अनुसार, भारतीय मानक समय को देश भर में कानूनी, प्रशासनिक, वाणिज्यिक और अन्य आधिकारिक कार्यों के लिए एक समान समय संदर्भ के रूप में उपयोग किया जाएगा। ये नियम राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से एक सौ अस्सी दिनों के बाद लागू होंगे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से 'विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा' विषय के तहत आयोजित की जा रही DC–SP कप अंतर–गांव सांस्कृतिक प्रतियोगिता के दूसरे दिन कल वंडूर समुद्र तट पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में फरारगंज तहसील के विभिन्न पंचायतों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने नशीली पदार्थों के दुष्प्रभावों और नशा मुक्त समाज के निर्माण के संदेश के साथ नुक्कड़ नाटक तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। डीसी एसपी कप अंतर–गांव सांस्कृतिक प्रतियोगिता का फाइनल 5 सितंबर को कार्बाइंस कोव समुद्र तट पर आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर, अंडमान निकोबार पुलिस ने 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' विषय के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया। इस रैली के माध्यम से फिटनेस, एकता और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक गीता रानी वर्मा, पुलिस अधीक्षक नियति मित्तल, पुलिस उप–अधीक्षक अंकेश यादव, और सहायक निदेशक, खेल रंजीत कुमार, उपस्थित रहे। रैली में 80 से अधिक साइकिल चालकों ने भाग लिया। अभियान का उद्देश्य साइकिल चलाने, शारीरिक फिटनेस, स्वस्थ जीवन शैली और खेलों में जनता की भागीदारी को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से कल डिगलीपुर में उत्तर एवं मध्य अंडमान जिला शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस चैम्पियनशिप में जिले के विभिन्न भागों से अस्सी खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उप शिक्षा अधिकारी, डॉ. पुष्पावल्ली ने अपने संबोधन में युवा खिलाड़ियों को समर्पण, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ खेल को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। चैम्पियनशिप में डिगलीपुर वन प्रभाग के डिप्टी रेंजर एम. संजय कुमार विजेता, जबकि पीएम श्री सीनियर सेकेण्डरी स्कूल सुभाषग्राम के छात्र मनीष किंडो उपविजेता रहे। इदांत ससाई को सबसे युवा खिलाड़ी और एस. सुमिदा को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया। 75 वर्षीय हरिपद रॉय को सर्वश्रेष्ठ वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया। ओपन श्रेणी के शीर्ष चार खिलाड़ी आगामी 'अंडमान निकोबार राज्य शतरंज चैंपियनशिप' में मध्योत्तर अंडमान जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित खिलाड़ियों से 4 सितंबर तक व्हाट्सएप नंबर 9434293379 के माध्यम से अपने सहमति पत्र जमा करने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस समिति के प्रचार समिति अध्यक्ष टीएसजी भास्कर ने आगामी पंचायत चुनावों की तैयारियों और पार्टी के जमीनी संगठन की समीक्षा के लिए कदमतला और उत्तरा ग्राम पंचायत के कांग्रेस नेताओं और सदस्यों के साथ बैठक की।

बैठक में संगठन की मजबूती और जनसंपर्क पर जोर दिया गया।

<><><><><><><>

मौसम विभाग के अनुसार द्वीपसमूह में आज से 5 सितंबर तक एक–दो स्थानों पर तेज हवाओं और गरज के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है। इस दौरान 40–50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी, जो बढ़कर 55 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को 2 सितंबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने जलक्रीड़ा गतिविधियों के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>